
# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 08 - 14 मार्च 2018



# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 8-14 मार्च 2018

प्रिय पाठकों,
यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट **दुसरे सप्ताह (8-14) मार्च** 2018 में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है यह फ़ाइल **बैंकिंग साक्षात्कार** और आगामी बैंकिंग परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

## बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. आई.सी.आई.सी.आई बैंक द्वारा एम.एस.एम.ई ग्राहकों के लिए प्रारंभ की गई पूर्णतया ऑनलाइन माध्यम वाली त्वरित ओवरड्राफ्ट सुविधा___**इंस्टा ओ.डी (InstaOD)।**

   **नोट:**
   - अब, ग्राहक इंटरनेट/मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से कभी भी कहीं भी एक वर्ष के लिए 15 लाख तक की ओवरड्राफ्ट सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।
   - 'इंस्टा ओ.डी' सुविधा ऑनलाइन ऋण प्रसंस्करण, बिना संपार्श्विक आवश्यकता के तत्काल वितरण, पूर्व भुगतान या पुरोबंध शुल्क सक्षम होगी।
2. भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई) ने नकली नोटों की पहचान और परिबंधन के निर्देशों की अवाज्ञा करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एस.बी.आई) पर कितने रुपये का जुर्माना लगाया ___**40 लाख रुपये।**

   **नोट:**
   - बैंक के जवाब और मौखिक उत्तर पर विचार करते हुए जुर्माना आवश्यक और प्रमाणित लग रहा था।
   - इससे पहले आर.बी.आई ने एक्सिस बैंक पर गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के वर्गीकरण मानकों के उल्लंघन के लिए और इंडियन ओवरसीज बैंक पर के.वाई.सी नियमों के अनुपालन में उल्लंघन के लिए मौद्रिक दंड लगाया था।
3. केंद्र सरकार ने कितने रूपए तक का ऋण लेने के लिए पासपोर्ट विवरण अनिवार्य कर दिया है____**50 करोड़ रुपए और उससे ऊपर।**

   **नोट:**
   - इस फैसले का मुख्य उद्देश्य धोखाधड़ी के मामले में शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करना और धोखेबाजों को देश से भागने से रोकना है।
   - अब 50 करोड़ रुपये से अधिक के सभी मौजूदा ऋणों के लिए, बैंकों को 45 दिनों के भीतर उधारकर्ताओं का पासपोर्ट विवरण जमा करने को कहा गया है।
4. किस बैंक ने अपने बचत खातों में औसत न्यूनतम शेष धनराशि न रखने पर लगने वाले शुल्क में 75% तक की कटौती कर दी है___ **भारतीय स्टेट बैंक (एस.बी.आई)।**

   **नोट:**
   - अब, मेट्रो और शहरी शाखाओं के ग्राहकों को 15 रुपये प्रति माह + जी.एस.टी (पहले 50 रुपये प्रति माह + जी.एस.टी) का भुगतान करना होगा।
   - अर्द्ध-शहरी शाखाओं के लिए, शुल्क 40 रुपये से 12 रुपये प्रति माह + जी.एस.टी तक कम कर दिया गया है।
   - ऋणदाता के बीच 41 करोड़ बचत बैंक खाते हैं, जिनमें से प्रधान मंत्री जन धन योजना के तहत 16 करोड़ खाते हैं।

5. व्यापर ऋण के लिए लेटर ऑफ अंडरटेकिंग, लेटर ऑफ कंफर्ट पर रोक लगाने का निर्णय किसने लिया_____ **भारतीय रिजर्व बैंक।**

   **नोट:**

   - 1 जुलाई, 2015 के 'गारंटी और सह-स्वीकृति' पर बैंकिंग रेगुलेशन मास्टर सर्कुलर विभाग में निहित प्रावधानों के अनुसार अनुपालन की दशा में लेटर ऑफ क्रेडिट जारी किया जाएगा।

6. थोक मूल्यों के आधार पर मुद्रास्फीति की दर फरवरी माह में सात महीने के निम्नतम स्तर पर पहुंच गई _____**2.48%।**

   **नोट:**

   - सब्जियों की मुद्रास्फीति जनवरी माह की 40.77% की वार्षिक मुद्रास्फीति तुलना में 15.26% पर पहुंच गई।
   - सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति में पिछले महीने की 3% की अपेक्षा 0.88% तक कमी आई।
   - आंकड़ों के अनुसार, 'ईंधन और बिजली' में भी मुद्रास्फीति 4.08% की तुलना में 3.81% हो गई।

## महत्वपूर्ण दिवस

1. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (आई.डब्ल्यू.डी) किस दिन मनाया गया___ **8 मार्च।**

   **नोट:**

   - वर्ष 2018 के लिए संयुक्त राष्ट्र महिला दिवस का विषय "अब सही समय है: ग्रामीण और शहरी कार्यकर्ता महिलाओं के जीवन को बदलें" (The Time is Now: Rural and urban activists transforming women's lives) है।
   - यह वह दिवस है जब महिलाओं की उपलब्धियों को राष्ट्रीय, जाति, भाषा, सांस्कृतिक, आर्थिक या राजनीतिक क्षेत्रों के बिना मान्यता प्रदान की जाती है।

gradeup

## नयी नियुक्तियाँ

1. भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आई.टी.बी.पी) में सीधी-भर्ती की अग्रिम मोर्चे (कॉम्बैट) की अधिकारी के रूप में शामिल होने वाली पहली महिला ____ **प्रकृति।**

   **नोट:**

   - उन्होंने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है और अब वह उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में आई.टी.बी.पी यूनिट में हैं।

2. भारतीय मूल के किस व्यक्ति को ब्रिटेन का आधिकारिक कौशल राजदूत नियुक्त किया गया ___ **संजीव गुप्ता।**

   **नोट:**

   - श्री गुप्ता को बच्चों और युवाओं को स्कूल या कॉलेज में उद्योग का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने के लिए फ्लैगशिप कार्यक्रम के तहत नियुक्त किया गया है।

3. त्रिपुरा के मुख्यमंत्री (10 वें) के रूप में किसने शपथ ली ______ **बिप्लब कुमार देब।**

   **नोट:**

   - शाही परिवार के सदस्य, **जिष्णु देब बर्मन** ने राज्य के उप-मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की।
   - त्रिपुरा के राज्यपाल **तथागत रॉय** ने आगरतला के असम राइफल्स मैदान में आयोजित समारोह में श्री देब और उनके मंत्रिमंडल को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

- भाजपा गठबंधन ने उत्तर-पूर्वी राज्य त्रिपुरा में लगभग 25 वर्षों से चले आ रहे वामपंथी शासन का अंत करते हुए 60 विधानसभा सीटों में से 43 सीटें जीतीं थीं।

4. सरकारी द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी) में नियुक्त नए विशेष निदेशक ___ **श्री विवेक आर. वाडेकर।**

   **नोट:**
   - ई.डी एक केंद्रीय जांच एजेंसी (वित्त मंत्रालय के तहत) है जो देश में अर्थशोधन निवारण अधिनियम (पी.एम.एल.ए) और विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (एफ.ई.एम.ए) को प्रवर्तित करती है।

5. भारत में उबेर के पहले ब्रैंड एंबेसडर के रूप में नियुक्त भारतीय क्रिकेटर___ **विराट कोहली।**

   **नोट:**
   - उबेर एक कैब-आधारित स्टार्टअप है जिसका मुख्यालय संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलिफ़ोर्निया स्थित सैन फ्रांसिस्को में है।
   - उबेर ने एशिया प्रशांत क्षेत्र में पहली बार किसी ब्रांड एंबेसडर को नियुक्त किया है।

6. नागरिक उड्डयन मंत्री का अतिरिक्त प्रभार किन्हें सौंपा गया___ **सुरेश प्रभु।**

   **नोट:**
   - यह निर्णय राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा टी.डी.पी के अशोक गजपति राजू के इस्तीफे की स्वीकृति के बाद लिया गया।

7. नेपाल के राष्ट्रपति पद पर दूसरे कार्यकाल के लिए पुन: निर्वाचित प्रथम महिला राष्ट्रपति ____ **बिद्या देवी भंडारी।**

   **नोट:**
   - वह वर्ष 2015 में नेपाल की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं थीं।
   - **संघीय लोकतांत्रिक नेपाल गणराज्य** का राष्ट्रपति नेपाल राष्ट्र का प्रमुख और **नेपाल के सशस्त्र बलों** का कमांडर होता है।

8. प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पी.आई.बी) के नया प्रमुख ___ **सितांशु कार।**

   **नोट:**
   - वह 1 मई, 2018 को पी.आई.बी प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे।
   - वर्तमान में, वह अखिल भारतीय रेडियो (ए.आई.आर) के समाचार सेवा प्रभाग (एन.एस.डी) में महानिदेशक हैं।

## महत्वपूर्ण समाचार – भारत

1. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने भारत की महिला उद्यमियों के लिए पोर्टल शुरू किया है___ **उद्यम सखी।**

   **नोट:**
   - पोर्टल महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर और आत्म-विश्वासी बनाने के क्रम में उद्यमिता के पोषण और कम लागत वाले उत्पादों और सेवाओं के लिए व्यापार मॉडल बनाने हेतु एक नेटवर्क है।

2. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रमुख कार्यक्रम "बेटी बचाओ बेटी पढाओ" के अखिल भारतीय विस्तार का उद्घाटन कहां से किया___ **झुंझुनू, राजस्थान।**

   **नोट:**
   - वर्तमान में देश के 161 जिलों से 640 जिलों तक इस कार्यक्रम का विस्तार किया गया।

- बेटी बचाओ, बेटी पढाओ (बी.बी.बी.पी) 22 जनवरी, 2015 को भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया एक सामाजिक अभियान है, जिसका लक्ष्य लड़कियों के लिए बनाई गईं कल्याण सेवाओं के प्रति जागरूकता पैदा करना और उनकी दक्षता में सुधार लाना है।

3. भारतीय पशु कल्याण बोर्ड का मुख्यालय कहां स्थानांतरित कर दिया गया____ **बल्लभगढ़, हरियाणा।**

**नोट:**

- भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (ए.डब्ल्यू.बी.आई) वर्ष 1962 में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 4 के तहत स्थापित एक सांविधिक सलाहकार निकाय है।
- इसने जानवरों के साथ हर जगह मानवीय व्यवहार संबंधी कई नियमों को तैयार किया है।

4. राष्ट्रीय विधान परिषद सम्मेलन 2018 की मेजबानी करने वाला शहर ___ **नई दिल्ली।**

**नोट:**

- सम्मेलन का उद्देश्य देश भर के संसद सदस्यों, विधानसभा सदस्यों और विधान परिषद सदस्यों को अपने अनुभवों को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।
- सम्मेलन का विषय- "हमारा लक्ष्य विकास" (We For Development) है।

5. महिला उद्यमियों के लिए देश का पहला राज्य-आधारित इनक्यूबेटर कहां शुरू किया गया___**तेलंगाना।**

**नोट:**

- 'वी-हब' (WE-Hub) केवल महिला उद्यमियों के लिए भारत का पहला राज्य-अधारित इनक्यूबेटर है।
- यह ग्रामीण और शहरी पृष्ठभूमि की महत्वाकांक्षी महिलाओं के लिए एक व्यापार मंच है जो उन्हें स्वतंत्र बनाने और सामाजिक प्रतिबंधों को पार करने में सहायता करता है।

6. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने 75 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन कहां किया ___**मिर्जापुर।**

**नोट:**

- उत्तर प्रदेश में यह सबसे बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र है।
- इस सौर ऊर्जा संयंत्र का निर्माण मिर्जापुर के दादर कला में फ्रेंच सौर ऊर्जा कंपनी एंजी सोलर के साथ मिलकर किया गया है
- यह संयंत्र प्रति वर्ष 15.6 करोड़ यूनिट के साथ प्रति माह लगभग 1.30 करोड़ यूनिट बिजली पैदा करेगा।

7. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने टी.बी उन्मूलन के लिए गतिविधियों को किस वर्ष तक राष्ट्रीय सामरिक योजना के तहत लाने हेतु टी.बी मुक्त भारत अभियान प्रारंभ किया___ **वर्ष 2025।**

**नोट:**

- टी.बी वर्ष 2016 में 1.7 मिलियन लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार है, हालांकि इनमें से ज्यादातर का इलाज किया जा सकता था, जबकि 10 मिलियन से अधिक लोग हर वर्ष टी.बी से बीमार होते हैं।
- इस वर्ष शिखर सम्मेलन सितंबर में टी.बी पर संयुक्त राष्ट्र की उच्चस्तरीय बैठक का मंच तैयार करेगा।

8. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहां पर देश की पहली तटीय पुलिस अकादमी स्थापित करने की मंजूरी दी___ **गुजरात।**

**नोट:**

- यह देश की तटरेखा की सुरक्षा करने वाली भारत की पहली संस्था होगी।
- राष्ट्रीय तटीय पुलिस अकादमी (National Academy of Coastal Policing (NACP)) अप्रैल, 2018 से कार्य करना प्रारंभ करेगी।
- एन.ए.सी.पी को अर्धसैनिक बलों और रक्षा बलों की बहु-एजेंसी टीम द्वारा प्रबंधित किया जाएगा।

9. केंद्र सरकार ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच महानदी के जल को साझा करने के विवाद हेतु किसकी अध्यक्षता में तीन सदस्यीय महानदी जल विवाद न्यायाधिकरण का गठन किया है___ **न्यायाधीश ए.एम. खानविलकर।**
10. इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ चीफ ऑफ पुलिस (आई.ए.सी.पी) के दो दिवसीय एशिया प्रशांत क्षेत्रीय सम्मेलन की शरुआत कहां हुई ___ **नई दिल्ली।**

**नोट:**

- सम्मेलन का विषय है "वर्ष 2020 में पुलिस के लिए चुनौतियां - साइबर स्पेस साइबर अपराध और आतंकवाद के प्रति हमारे दृष्टिकोण को कैसे आकार देता है, हम इसकी सहायता कैसे कार्य कर सकते हैं और इसका लाभ उठा सकते हैं"।

11. भारत का सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज कहां फहराया गया ____ **बेलगावी, कर्नाटक।**

**नोट:**

- कोटेकेरे में 110 मीटर लंबा फ्लैग पोस्ट शहर के ऐतिहासिक बेलगावी किले के नजदीक है।
- यह पुणे (107 मीटर) और भारत-पाकिस्तान सीमा पर पंजाब के अटारी (105 मीटर) स्थित फ्लैग पोस्ट से लम्बा है।

## राज्य समाचार

1. माइक्रोसॉफ्ट ने अपने पहले अक्षय ऊर्जा समझौते पर भारत के किस शहर में हस्ताक्षर किए____ **बेंगलुरु।**

**नोट:**

- इस समझौते से माइक्रोसॉफ्ट को अटरिया पॉवर से 3 मेगावाट सौर ऊर्जा संचालित बिजली प्राप्त करके बेंगलुरु स्थित अपने नए कार्यालय को ऊर्जा प्रदान करने में सहायता मिलेगी।

2. हरियाणा का पहला साइबर पुलिस स्टेशन कहां खोला गया ____ **गुरूग्राम।**

**नोट:**

- साइबर जुर्म और अपराधों से संबंधित मामलों को अब हाल ही में खोले गए साइबर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया जाएगा।
- इसके अलावा, साइबर पुलिस स्टेशन सभी प्रकार के ऑनलाइन और तकनीकी-संबंधित अपराधों के लिए केंद्रीयकृत निगरानी केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

3. पूर्णतया सौर ऊर्जा पर चलने वाला भारत का पहला केंद्रशासित प्रदेश____ **दीव।**

**नोट:**

- दीव, पश्चिम भारत स्थित एक छोटा द्वीप है जो अब पूर्णतया 100 प्रतिशत सौर ऊर्जा पर चलेगा।
- दीव, भारत के निम्न आबादी वाले केंद्रशासित प्रदेशों में से एक है, जिसका भौगोलिक क्षेत्र केवल 42 किलोमीटर है।
- दीव में 50 एकड़ से अधिक की भूमि में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए हैं।

4. किस राज्य सरकार ने राज्य की अविवाहित महिलाओं के लिए पेंशन योजना शुरू की____ **मध्य प्रदेश।**

**नोट:**

- इस योजना के तहत 50 वर्ष या उससे अधिक उम्र की अविवाहित महिलाओं को पेंशन प्रदान की जाएगी।
- मध्य प्रदेश की सभी अविवाहित महिला निवासियों को 50 वर्ष की उम्र के बाद पेंशन दी जाएगी।
- बाद में, ऐसी सभी अविवाहित महिलाओं को विवाह करने तक मासिक आधार पर पेंशन मिलेगी।

5. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एम.जी.एन.आर.ई.जी.ए) के तहत रोजगार आवंटन और धन का उपयोग करने के मामले में पहला स्थान हासिल करने वाला राज्य ___ **पश्चिम बंगाल।**

**नोट:**

- आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल ने अब तक वर्ष 2017-18 में इस योजना के तहत 28.21 करोड़ से अधिक कार्य दिवस को तैयार किया और इसके लिए 7,335.31 करोड़ रुपये खर्च किए।
- तमिलनाडु ने 22.17 करोड़ कार्य दिवसों की तैयारी और उन पर 5,981.75 करोड़ रुपये खर्च करने के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

## महत्वपूर्ण समाचार – विश्व

1. ईरान के बूशहर बंदरगाह को देश के बाकी रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए रेलवे लाइन का निर्माण कौन करेगा___ **चीन।**

**नोट:**

- इसके फलस्वरूप ग्रुप **खाड़ी बंदरगाह** और शिराज़ के दक्षिणी शहर के बीच **400 किलोमीटर** की रेलवे लाइन का निर्माण करेगा।
- यह खाड़ी, भारतीय उपमहाद्वीप, रूस और मध्य एशिया के बीच माल के परिवहन केंद्र बनने के इरादे के लक्ष्य के साथ "उत्तर-दक्षिण रेलवे कॉरिडोर" को पूर्ण करेगा।

2. वर्ष 2017 में भारत-चीन द्विपक्षीय व्यापार में कितनी वृद्धि हुई___ **18.63%।**

**नोट:**

- चीनी निर्यात से द्विपक्षीय व्यापार में एक दुर्लभ नवीनता के साथ चीन में भारत का निर्यात, चीन के कुल निर्यात से 40% बढ़कर 16.34 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया।

3. विश्व ए.टी.एम कांग्रेस (WATMC-2018) की मेजबानी करने वाला देश ___ **स्पेन।**

**नोट:**

- यह विश्व की सबसे बड़ी अंतर्राष्ट्रीय वायु यातायात प्रबंधन (ए.टी.एम) प्रदर्शनी और सम्मेलन है जिसमें हर वर्ष हजारों प्रतिनिधि भाग लेते हैं।

4. संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल की सेना ने महीने भर चलने वाले किस संयुक्त सैन्य अभ्यास का आरंभ किया ____ **ज्यूनिपर कोबरा 2018।**

**नोट:**

- यूरोप में स्थित 2,500 अमेरिकी सैनिकों को नियमित रूप से इजराइल में तैनात किया गया है और इसमें 2,000 इजराइली एरियल डिफेंस सैनिक, लॉजिस्टिक यूनिट, मेडिकल फोर्स और अन्य इजराइली रक्षा बल यूनिट भाग ले रहे हैं।
- इस अभ्यास में इजराइल पर कई मोर्चों पर हमला किए जाने वाला एक परिदृश्य है, जिसमें ईरान से सटीक-निर्देशित बैलिस्टिक मिसाइल हमला भी शामिल है।

5. पहले **इंटरनेशनल सोलर अलायंस** (आई.एस.ए) शिखर सम्मेलन की मेजबानी कौन करेगा___ **भारत।**
6. अंडमान समुद्र में पहली बार आयोजित बहु-राष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास___ **माइल्स-18।**

**नोट:**

- आठ देशों (ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया, म्यांमार, सिंगापुर, श्रीलंका और थाईलैंड) के 11 नौसैनिक जहाजों और नौ भारतीय जहाजों ने अभ्यास में भाग लिया।
- इस वर्ष के इवेंट का विषय **'फ्रैंडशिप एक्रॉस द सी'** (Friendship Across the Seas) है।

7. हॉपरसॉनिक किंज़ाल मिसाइल को सफलतापूर्वक किसने लॉन्च किया___ **रूस।**

**नोट:**

- नई मिसाइल को मिग-31 सुपरसॉनिक इंटरसेप्टर एयरक्राफ्ट से लॉन्च किया गया।
- किंज़ाल मिसाइल की मारक क्षमता 1,200 मील (2,000 कि.मी) की है और यह ध्वनि की चाल से 10- गुना अधिक चाल से मार कर सकती है।

## श्रद्धांजलियां

1. किस सुप्रसिद्ध सूफी गायक का निधन हो गया ___ **प्यारे लाल वडाली।**

**नोट:**

- वह उस्ताद पूरन चंद वडाली के छोटे भाई थे और लोकप्रिय नाम 'वडाली ब्रदर्स' में से एक थे।
- वडाली ब्रदर्स अपने पंजाबी सूफी संगीत के लिए प्रसिद्ध हैं।

2. महाराष्ट्र के किस भूतपूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता का लंबी बीमारी के कारण निधन हो गया___ **पतंगराव कदम।**

**नोट:**

- वह महान शिक्षाविद और पुणे में भारती विद्यापीठ सहित कई शैक्षणिक संस्थानों के संस्थापक थे।

3. किस विश्व-प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी का कैंब्रिज में निधन हो गया __ **स्टीफन विलियम हॉकिंग।]**

**नोट:**

- वह ब्लैक होल और सापेक्षता पर किए गए कार्य के लिए जाने जाते थे और उन्होंने वर्ष 1988 में 'ए ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ टाइम' सहित विज्ञान पर आधारित कई लोकप्रिय पुस्तकें लिखी थीं।
- वह एक स्पीच-जनरेटिंग डिवाइस से जुड़ी गाल की मांसपेशी का उपयोग करके बातचीत करने में सक्षम थे।
- उनके जीवन की कहानी एडी रेडमैन अभिनीत वर्ष 2014 की फिल्म 'द थ्योरी ऑफ एवरीथिंग' की विषय-वस्तु थी।

4. किस प्रख्यात हिंदी फिल्म एवं टेलीविजन अभिनेता का निधन हो गया ___ **नरेंद्र झा।**

**नोट:**

- अभिनेता नरेंद्र झा को "रईस", "काबिल" और "हैदर" जैसी फिल्मों में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए जाना जाता है।
- उन्होंने **'नेताजी सुभाष चंद्र बोस: द फोर्गेटेन हीरो'** फिल्म में श्याम बेनेगल जैसे प्रतिष्ठित फिल्म निर्माताओं के साथ काम किया।

## खेल समाचार

1. कानून एवं न्याय के क्षेत्र से 'नारी शक्ति पुरस्कार' प्राप्त करने वाली प्रथम भारतीय महिला ___ **गीता मित्तल।**

**नोट:**

- दिल्ली उच्च न्यायालय की कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल कानून एवं न्याय के क्षेत्र में 'नारी शक्ति पुरस्कार' से सम्मानित की जाने वाली पहली महिला बन गईं।
- नारी शक्ति पुरस्कार महिलाओं के उत्थान हेतु की गई अनुकरणीय सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

2. आई लीग खिताब (2017-18) हासिल करने वाला फुटबॉल क्लब___ **मिनर्वा पंजाब ।**

**नोट:**

- मिनर्वा पंजाब एफ.सी ने हरियाणा के गुड़गांव स्थित ताओ देवी लाल स्टेडियम में खेले गए फाइनल में चर्चिल ब्रदर्स को हराकर पहला आई-लीग टूर्नामेंट (2017-18) जीता।

**3.** मैक्सिको के ग्वाडलाजारा में जारी आई.एस.एस.एफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन प्रतिस्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली भारतीय निशानेबाज___ **अंजुम मुद्गिल।**

**नोट:**

- पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन **रूइजियो पेइ** (चीन) ने स्वर्ण पदक हासिल किया।
- इस प्रकार भारत आठ पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है।

**4.** मलेशिया के इपोह में सुल्तान अज़लान शाह कप 2018 का खिताब किसने जीता___ **ऑस्ट्रेलिया।**

**नोट:**

- इस खिताब के साथ, ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 10-बार यह खिताब जीता है।
- भारत प्लेऑफ मैच में आयरलैंड को हराकर पांचवें स्थान पर रहा था।

**5.** देवधर ट्रॉफी का 45 वां संस्करण किसने जीता ___ **इंडिया B।**

**नोट:**

- देवधर ट्रॉफी का नाम प्रोफेसर डी.बी. देवधर के नाम पर रखा गया था जिन्हें भारतीय क्रिकेट के ग्रैंड ओल्ड मैन के नाम से जाना जाता था।

**6.** 22 वें फेडरेशन कप के सीनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड किसने बनाया ___ **तेजस्विन शंकर।**

**नोट:**

- उन्होंने 2.26 मीटर का अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर **2.28 मीटर** का नया रिकॉर्ड बनाया।
- दिल्ली के इस खिलाड़ी ने अब राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है।

**7.** टेस्ट के किस पूर्व सलामी बल्लेबाज को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के नए हाई-परफॉरमेंस कोच के तौर पर नियुक्त किया गया है___ **क्रिस रोजर्स।**

**नोट:**

- रोजर्स ने वर्णान्धता होने से बावजूद ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में एक सफल प्रथम श्रेणी के कैरियर में लगभग दो दशक तक 300 से अधिक मैच खेले हैं।


**----------0----------**

gradeup

# बैंकिंग और एसएससी ऑनलाइन मॉक टेस्ट सीरीज

- नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित
- हिंदी एवं अंग्रेजी में उपलब्ध
- आल इण्डिया रैंक और परीक्षा विश्लेषण प्राप्त करें
- विस्तृत हल
- वेब और मोबाइल दोनों पर दिया जा सकता है

ANDROID APP ON
Google play




www.gradeup.co